# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अप्रैल 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निगम में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

भिलाईनगर/23 अप्रैल दिन मंगलवार को शत्-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए नगर पालिक निगम, भिलाई ने जागरुकता अभियान की शुरुवात की है और निगम मुख्य द्वार में हस्ताक्षर अभियान हेतु बोर्ड स्थापित कर लोगांेें से हस्ताक्षर करवा रही है। नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 संुदरानी ने जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित आनंद के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत् निगम क्षेत्र के नागरिकों को 23 अप्रैल को शत्-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए दल गठित कर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम के अधिकारी, कर्मचारियों की शपथ के पश्चात् सोमवार को आयुक्त श्री संुदरानी, उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने अपना हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान प्रारम्भ किया है। जिसके तहत् सर्व प्रथम निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु शपथ पूर्वक हस्ताक्षर किये साथ ही निगम मुख्य कार्यालय सुपेला के प्रवेश द्वार पर आम नागारिकों से हस्ताक्षर लिये जाने के लिए बोर्ड स्थापित किया है जिसमें निगम में आने वाले नागरिक 23 अप्रैल को मतदान में भाग लेने हेतु अपना हस्ताक्षर कर रहें हैं।






## निगम भिलाई का वाहन विभाग का दफ्तर अब लगेगा भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप नए बस डिपो में

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने पूर्व में भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित बस डिपो का निरीक्षण किया था तब उन्होंने पाया कि निर्मित भवन खाली पड़ा हुआ है तथा बहुत बड़ा मैदान है जिसमें वाहनों को रखने के लिए उपयोग किया जा सकता है, परंतु वर्तमान में इसका किसी भी प्रकार का उपयोग नहीं किया जा रहा है ऐसे में भवन असामाजिक तत्वों के कारण एवं रखरखाव के अभाव में खराब होने की संभावना को देखते हुए निगम आयुक्त द्वारा वाहन विभाग को नए बस डिपो में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए थे। जिसका पालन करते हुए वाहन विभाग द्वारा नए बस डिपो में अपने दफ्तर सहित वाहनों को स्थानांतरित कर दिया गया है व सुचारू रूप से विभागीय कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। वाहन विभाग के सहायक अभियंता रवि सिन्हा ने बताया कि मुख्य कार्यालय स्थित वाहन विभाग के भवन में बैठक व्यवस्था में दिक्कतें भी हो रही थी तथा एक कमरे में ही सभी अधिकारी/कर्मचारियों को बैठना पड़ता था साथ ही वाहन को रखने की व्यवस्था मे भी कई प्रकार की परेशानी आ रही थी जिसको देखते हुए वाहन विभाग को नए बस डिपो में स्थानांतरित कर दिया गया है अब से वाहन विभाग यही से संचालित होगा इस विभाग से किसी प्रकार के भी कार्य हो तो वह नए बस डिपो रेलवे स्टेशन के समीप मे संपर्क कर सकते हैं। मुख्य कार्यालय में विभिन्न कार्यों से आने जाने वाले को तथा निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को पार्किंग की उचित व्यवस्था अब मिल सकेगी।



# "पानी का करो जतन तभी बचेगा जीवन और वतन"

भिलाईनगर/ वर्षा जल को भूगर्भ में पहूंचाना अब हर नागरिक की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। घटते भूजल स्तर का सबसे उत्तम उपाय हर भवन वाटर हार्वेस्टिंग से युक्त हो तथा निस्तारी जल भी जमीन के भीतर जाये इसका उपाय आवश्यक हो गया है। इसे क्रान्तिकारी रुप में क्रियान्वित किया जाना होगा, ताकि आने वाले समय में शुद्ध पेयजल के लिए जुझना न पड़े।

जोन 02 वैशाली नगर में आयोजित भूजल संरक्षण रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्लानिंग के लिए आयोजित कार्यशाला में आयुक्त के निर्देशानुसार हमें घर से निकलने वाले वर्षा एवं निस्तारी जल को वापस भूमि के अंदर भेजने के उपाय पर सोचना होगा और इसके लिए नागरिकों के बीच जन जागृति लाना है। जिसके लिए निगम ने टीम गठित किया है जो प्रचार-प्रसार के माध्यम से पानी बचाने के लिए लोगों की बीच उपाय को प्रचारित करेगा, हम सभी को जल संरक्षण के लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। प्रारंभिक रुप से हम अपने छत में गिरने वाले बरसाती पानी को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से भूगर्भ में भेजने के लिए रिहायसी एवं व्यवसायिक तथा सरकारी भवनों में शत्-प्रतिशत वाटर हार्वेस्टिंग लगाना होगा। आने वाले समय में हमें संयुक्त प्रयास करके घर का पानी घर में, मोहल्ले का पानी मोहल्ले में, वार्ड का पानी वार्ड में तथा शहर से निकलने वाले सभी तरह के पानी सीधे जमीन के भीतर जाये इस दिशा में प्रयास करना होगा हमारी कोशिश होनी चाहिए कि बहुत कम मात्रा में पानी नदी में समाहित हो और वह भी साफ हो। निगम भिलाई नालों का पानी साफ नदी में जाये इस दिशा में प्रयास करते हुए नालों तथा नाली में जाली लगा रहा है।



# आंधियों के बीच जलता रहा मतदाता जागरुकता का मशाल

भिलाई नगर/ आंधियों के बीच जलता रहा मतदाता जागरुकता का मशाल विपरित मौसम के बावजुद सिविक सेन्टर में सोमवार शाम 7 बजे नारी शक्ति ने अपने हाथों में मशाल थामकर ''सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो'' का नारा बुलंद करते निकाली रैली और लोगों को शत्-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देश पर किया गया आयोजन। रैली की अगुवाई उपायुक्त अशोक द्विवेदी, तरुण पाल लहरे, मूर्ति शर्मा, शरद दुबे, अजय शुक्ला, रामायण सिंह के साथ जन सुनवाई फाउंडेशन के संजय मिश्रा, शिखा साहू मिसेस युनिवर्स 2019 ने किया। रैली सिविक सेन्टर का फेरा लगाकर वहां उपस्थित नागरिकों से 23 अप्रैल को अपने घर से निकल कर मतदान करने हेतु प्रेरित कियें। युवाओं ने महिला शक्ति की भागीदारी देखकर अपने आप को रोक नहीं पाये और वे स्वस्फुर्त होकर रैली में शामिल हुए। मशाल रैली की विशेषता रही कि रैली को सफल बनाने गृहणी एवं कामकाजी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई, जिसमें मंशा शिक्षा महाविद्यालय की शिक्षिकाएं डॉ. पुष्पा शर्मा, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, सुश्री ममता पटेल, छात्र-छात्राएं सुनील कुमार, कुमारी शर्मिला, रीना चंदन, पिंकी मौर्य, तृप्ति निर्मलकर, जनसुनवाई फाउंडेशन के श्रीमती जया रेड्डी, अजय साहू, अभिषेक, सोनिया चौधरी, ज्योति, कंचन पाटली, धनेश्वरी, भारती खाण्डेकर, दानेश्वरी, अर्चना गुप्ता, सर्व ब्राम्हण समाज के राकेश शुक्ला, निमिषा मिश्रा सहित सिविक सेन्टर में घुमने आये युवाओं ने अपनी हिस्सेदारी निभाई।



## आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने उपस्थित रहकर पानी सप्लाई के प्रक्रिया का अवलोकन किया।

भिलाई नगर/ शिवनाथ इंटकवेल में स्थापित दो मोटर पम्प की टेस्टिंग कार्य के दौरान आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने उपस्थित रहकर पानी सप्लाई के प्रक्रिया का अवलोकन किया।

नगर पालिक निगम भिलाई के नेहरु नगर स्थित 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट को शिवनाथ नदी से पानी लिफ्ट करने वाले दो नये मोटर पम्प की स्थापना की गई है दोनों पम्पो से पानी लिफ्ट करने की क्षमता 3408 मीटर क्यू प्रति घण्टे की है, जिसका टेस्टिंग मंगलवार को किया गया। इस दौरान आयुक्त श्री सुंदरानी शिवनाथ इंटकवेल में उपस्थित रहकर पूरी प्रक्रिया का बारिकी से मानिटरिंग कर रहे थे। बता दें कि शिवनाथ इंटकवेल में पूराने पम्पो को बदलकर आयुक्त के निर्देश पर 6 पम्प स्थापित किये गये हैं जिसमें से दो पम्प का आज टेस्टिंग किया गया। साथ ही 25 केवीए क्षमता के नये ट्रान्सफार्मर भी लगाये गये हैं इसके अतिरिक्त एक ट्रान्सफार्मर विपरीत परिस्थिति के लिए इंटकवेल में स्टोर कर रखा गया है। इंटकवेल के विद्युत पैनल सहित सम्पूर्ण विद्युत व्यवस्था का नवीनीकरण किया गया है ताकि भविष्य में पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।



# जल संरक्षण एवं संचयन को लेकर नेहरू नगर में आयोजित हुई कार्यशाला

घर का पानी घर में, मोहल्ले का पानी मोहल्ले में, वार्ड का पानी वार्ड में और शहर का पानी शहर में ही रहे! आज पानी नहीं आने की समस्या हो सकती है, 2 महीने बाद बारिश में पानी भर जाने की समस्या होगी पानी वही है पर स्वरूप बदल जाएगा दोनों का हल एक ही है कि हम अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करें पानी को नाली एवं अन्य माध्यम से व्यर्थ न बहने दे जिससे गर्मी एवं बारिश के दिनों में पानी भूगर्भ में समा जाए और हम उसका पुनः उपयोग कर सकें! आप सभी अनुभवी लोग हैं पानी की किल्लत से भली भांति वाकिफ है जब भेलवा तालाब नहीं हुआ करता था तब नेहरू नगर क्षेत्र में पानी की समस्या से सभी रूबरू हैं इसलिए नेहरू नगर के हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग बनाकर एक नया मिसाल खड़ा करें! उक्त बातें आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने नेहरू नगर सियान सदन मे उपस्थित लोगों से जल संरक्षण एवं संचयन की आयोजित कार्यशाला में कहीं! इंजीनियर एवं पत्रकार मधुर चितलांगिया ने पावर पॉइंट के माध्यम से जल संरक्षण एवं संचयन को लेकर प्रकाश डाला तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से पूछा कि कितने प्रतिशत जल पृथ्वी का भाग है एवं इनमें से कितने प्रतिशत पीने योग्य जल है, जमीन sके अंदर कितना जल का उपयोग होता है और बाहर कितना उपयोग होता है, भारत में कहां सबसे ज्यादा बारिश होती है, वाटर हार्वेस्टिंग का शाब्दिक अर्थ समझाते हुए जल संरक्षण संग्रहण एवं संचयन करने की अपील की तथा उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण के लिए संकल्प लिया!



# आयुक्त सुंदरानी के निर्देश पर अवैध होर्डिंग एवं कार गैरेज पर चला निगम का बुलडोजर

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देश पर नोडल अधिकारी ए0के0 द्विवेदी के द्वारा तोड़फोड़ दस्ता के माध्यम से निगम क्षेत्र अंतर्गत लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाने का कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 05 होर्डिंग्स को ध्वस्त किया गया इससे पहले 15 और अवैध होर्डिंग के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है।

बता दें कि निगम के राजस्व विभाग द्वारा नंबर का स्टीकर जारी किया गया है जोकि वैध होर्डिंग पर लगाए गए हैं एवं जो होर्डिंग अवैध है उन पर स्टीकर नहीं लगा हुआ है ऐसे होर्डिंग पर कार्रवाई की जा रही है! जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत हुडको उद्यान के समीप अवैध कार गैरेज का निर्माण किया गया था जिसे ध्वस्त कर दिया गया तथा शहीद कौशल पेट्रोल पंप के पास में स्थित 03 नग अवैध होर्डिंग को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया गया साथ ही प्रियदर्शनी परिसर पूर्व फव्वारे के पास एवं गुरुद्वारा के समीप में 02 अवैध होर्डिंग को जे.सी.बी. के माध्यम से ध्वस्त कर दिया गया। आयुक्त सुंदरानी ने अपील की है कि जहां-जहां भी अवैध होर्डिंग लगे हैं उन स्थलों से होर्डिंग लगाने वाले लोग स्वयमेव अपने होर्डिंग हटा ले अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा अवैध होर्डिंग के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी! अवैध होर्डिंग्स की कार्यवाही में तोड़फोड़ दस्ता के प्रभारी प्रकाश अग्रवाल, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, विनोद चंद्राकर सहित तोड़फोड़ दस्ते के टीम ने उपस्थित रहकर कार्यवाही की।



# शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत् गजानंद भाट् पिता नान्हू भाट् पदनाम चौकीदार, रामकुमार निर्मलकर पिता स्व. धर्मपाल निर्मलकर पदनाम हेल्पर/क्लीनर, श्रीमती सिन्धू बाई पति तुलसीराम पदनाम वार्ड प्यून एवं लोका पिता जोसफ पदनाम सफाई कामगार के सेवानिवृत्त अवसर पर निगम सभागार में उपायुक्त अशोक द्विवेदी, तरूण पाल लहरे, जनसम्पर्क अधिकारी पी0सी0 सार्वा, सहायक राजस्व अधिकारी मूर्ति शर्मा, पेंशन प्रभारी आई0एल0 यादव, प्रभारी अधि. वाहन संजय शर्मा, स्वास्थ्य अधि. धर्मेन्द्र मिश्रा, सहायक अभियंता रवि सिन्हा, प्रभारी सहा. स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, ने शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, एवं सेवानिवृत्त पश्चात् प्रदान की जाने वाली राशि का चेक प्रदान कर बिदाई दी ।



**Editorial Board**

श्री एस.के. सुन्दरानी
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई